**प्रेस विज्ञप्ति** **28.10.2024**

# 30 सितम्बर, 2024 को समाप्त तिमाही/छमाही हेतु वित्तीय परिणाम

बैंक का **वैश्विक कारोबार** 10% वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि के साथ **₹ 12.44 लाख करोड़** हुआ।

## प्रमुख विशेषताएं (सितम्बर 2023 के सापेक्ष सितम्बर 2024 को समाप्त तिमाही)

- सितम्बर 2023 में ₹ 1988 करोड़ के सापेक्ष सितम्बर 2024 में, निवल लाभ 36% वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि के साथ **₹ 2707** करोड़ रहा।
- सितम्बर 2023 में ₹ 4303 करोड़ के सापेक्ष सितम्बर 2024 में, परिचालन लाभ 10% वर्ष-दर-वर्ष की वृद्धि के साथ ₹ 4728 करोड़ रहा।
- सितम्बर 2023 में ₹ 5741 करोड़ के सापेक्ष सितम्बर 2024 में, निवल ब्याज आय 8% वर्ष-दर-वर्ष की वृद्धि के साथ ₹ 6194 करोड़ रही।
- सितम्बर 2023 में ₹ 805 करोड़ के सापेक्ष सितम्बर 2024 में, शुल्क आधारित आय 11% वर्ष-दर-वर्ष की वृद्धि के साथ ₹ 891 करोड़ हो गई।
- आस्तियों पर प्रतिलाभ (RoA) सितम्बर 2023 में 1.06% के सापेक्ष सितम्बर 2024 में 27 बीपीएस की वृद्धि के साथ 1.33% हो गया।
- इक्विटी पर प्रतिलाभ (RoE) सितम्बर 2023 में 19.90% के सापेक्ष सितम्बर 2024 में 114 बीपीएस की वृद्धि के साथ 21.04% हो गया।
- अग्रिमों पर प्रतिलाभ (YoA) सितम्बर'23 में 8.75% के सापेक्ष सितम्बर'24 में, 2 बीपीएस की वृद्धि के साथ 8.77% हो गया
- निवेश पर प्रतिलाभ (YoI) सितम्बर'23 में 6.77% के सापेक्ष सितम्बर'24 में 40 बीपीएस की वृद्धि के साथ 7.17% हो गया।
- सितम्बर 2023 में ₹ 492288 करोड़ के सापेक्ष सितम्बर 2024 में, सकल अग्रिम 12% वर्ष-दर-वर्ष की वृद्धि के साथ ₹ 550644 करोड़ रहा।
- सितम्बर 2023 में ₹ 285891 करोड़ के सापेक्ष सितम्बर 2024 में रैम (खुदरा, कृषि एवं एमएसएमई) अग्रिम 14% वर्ष-दर-वर्ष की वृद्धि के साथ ₹ 325050 करोड़ हो गया।
- सकल घरेलू अग्रिमों में खुदरा, कृषि एवं एमएसएमई (RAM) का योगदान 63% है। खुदरा एवं कृषि एमएसएमई में वर्ष-दर-वर्ष क्रमशः 15%, 16% एवं 8% की वृद्धि हुई। सितम्बर 23 के सापेक्ष आवास ऋण (बंधक सहित) में 14% वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि हुई।
- प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र अग्रिम 40% की विनियामक अपेक्षाओं के सापेक्ष सितम्बर' 24 में एएनबीसी के प्रतिशत के रूप में 44% से अधिक वृद्धि के साथ ₹ 188348 करोड़ रहा।

- सितम्बर 2023 में ₹ 640803 करोड़ के सापेक्ष सितम्बर 2024 में कुल जमा राशि वर्ष-दर-वर्ष 8% की वृद्धि के साथ ₹ 693115 करोड़ हो गई। चालू, बचत एवं कासा जमा राशि में वर्ष-दर-वर्ष क्रमशः 8%, 4% एवं 5% की वृद्धि हुई।
- 30 सितम्बर 2024 को घरेलू कासा (CASA) अनुपात 40.47% रहा।
- यथास्थिति 30 सितम्बर 2024 को सीडी अनुपात 79% रहा।
- सितंबर 2023 में सकल गैर निष्पादक आस्तियां 4.97% के सापेक्ष वर्ष-दर-वर्ष 149 बीपीएस घटकर सितंबर 2024 में 3.48% हो गईं, सितंबर 2023 में 0.60% के सापेक्ष एनएनपीए 33 बीपीएस कमी के साथ सितंबर 2024 में 0.27% हो गईं।
- सितम्बर 2023 में 95.64% के सापेक्ष, प्रावधान कवरेज अनुपात (पीसीआर, टीडबल्यूओ सहित) वर्ष-दर-वर्ष 196 बीपीएस वृद्धि के साथ 97.60% रहा।
- सितंबर 2023 में 1.77% के सापेक्ष में सितंबर 2024 में स्लिपेज अनुपात 1.06% तक सीमित रहा।
- पूंजी पर्याप्तता अनुपात 102 बीपीएस की वृद्धि के साथ 16.55% रहा। सितम्बर 2024 में सीईटी-I 144 बीपीएस की वृद्धि के साथ 13.51 % एवं टियर I पूंजी 138 बीपीएस की वृद्धि के साथ 14.01% रहा।
- सितंबर 2023 में ₹63.84 के सापेक्ष प्रति शेयर आय (ईपीएस) सितंबर 2024 में बढ़कर ₹80.37 हो गई।

## प्रमुख विशेषताएं (सितम्बर 2023 के सापेक्ष सितम्बर 2024 को समाप्त तिमाही)

- निवल लाभ जून 2024 में ₹ 2403 करोड़ के सापेक्ष सितम्बर 2024 में तिमाही-दर-तिमाही 13% बढ़कर ₹ 2707 करोड़ हो गया।
- परिचालन लाभ जून 2024 में ₹ 4502 करोड़ के सापेक्ष सितम्बर 2024 में तिमाही-दर-तिमाही 5% बढ़कर ₹ 4728 करोड़ हो गया।
- आस्तियों पर प्रतिलाभ (ROA) जून 2024 में 1.20% के सापेक्ष सितम्बर 2024 में तिमाही-दर-तिमाही 13 बीपीएस बढ़कर 1.33% रहा।
- अग्रिमों पर प्रतिलाभ (YoA) जून 2024 में 8.69% के सापेक्ष 8 बीपीएस से बढ़कर सितम्बर 2024 में 8.77% हो गया।
- निवेश पर प्रतिलाभ (YoI) जून 2024 में 7.15% के सापेक्ष सितंबर 2024 में 7.17% रहा।
- सकल गैर निष्पादक आस्तियां जून 2024 में 3.77% के सापेक्ष 29 बीपीएस की कमी के साथ सितंबर 2024 में 3.48% हो गईं, एनएनपीए जून 2024 में 0.39% से घटकर सितंबर 2024 में 12 बीपीएस कमी के साथ 0.27% हो गईं।
- इक्विटी पर प्रतिलाभ (ROE) जून 2024 में 19.76% के सापेक्ष सितम्बर 2024 में तिमाही-दर-तिमाही 128 बीपीएस बढ़कर 21.04% रहा।

## प्रमुख विशेषताएं ( सितम्बर 2023 के सापेक्ष सितम्बर 2024 को समाप्त छमाही)

- वित्त वर्ष 24 के प्रथम छमाही में निवल लाभ ₹3697 करोड़ के सापेक्ष वित्त वर्ष 25 के प्रथम छमाही में वार्षिक वृद्धि 38% के साथ ₹5110 करोड़ रहा।
- वित्त वर्ष 24 के प्रथम छमाही में परिचालन लाभ ₹8437 करोड़ के सापेक्ष वित्त वर्ष 25 के प्रथम छमाही में वार्षिक वृद्धि 9% के साथ ₹9230 करोड़ रहा।
- वित्त वर्ष 25 के प्रथम छमाही में निवल ब्याज आय वार्षिक आधार पर 8% वृद्धि के साथ ₹ 11444 करोड़ के सापेक्ष ₹ 12372 करोड़ रहा।
- वित्त वर्ष 25 के प्रथम छमाही में निवल ब्याज मार्जिन 3.51% रहा।
- वित्त वर्ष 24 के प्रथम छमाही में आस्तियों पर प्रतिलाभ (RoA) 1.01% के सापेक्ष वित्त वर्ष 25 के प्रथम छमाही में 25 बीपीएस वृद्धि के साथ 1.26% रहा।
- वित्त वर्ष 24 के प्रथम छमाही में इक्विटी पर प्रतिलाभ (RoE) 18.90% के सापेक्ष वित्त वर्ष 25 के प्रथम छमाही में 148 बीपीएस वृद्धि के साथ 20.38% रहा।
- वित्त वर्ष 25 के प्रथम छामाही में लागत-से-आय का अनुपात 44.73% रहा।

### नेटवर्क

- बैंक की 5856 घरेलू शाखाएँ हैं जिनमें से 1983 ग्रामीण, 1532 अर्ध-शहरी, 1174 शहरी एवं 1167 महानगरीय शाखाएँ हैं। बैंक की 3 ओवरसीज़ विदेशी शाखाएँ एवं 1 आईबीयू (गिफ्ट सिटी शाखा) है।
- बैंक के 5217 एटीएम व बीएनए हैं एवं 12993 बैंक मित्र (बीसी) हैं।

### डिजिटल बैंकिंग

- वित्तीय वर्ष 25 प्रथम छमाही में डिजिटल चैनलों के माध्यम से ₹79,059 करोड़ का कारोबार हुआ।अब तक कुल 102 डिजिटल यात्राएं, उपयोगिताएँ एवं प्रक्रियाएँ शुरू की गई हैं।
- मोबाइल बैंकिंग उपयोगर्कताओं की संख्या वर्ष दर वर्ष 20% बढ़कर 1.81 करोड़ हो गई है।
- यूपीआई उपयोगकर्ता एवं नेट बैंकिंग उपयोगकर्ता में क्रमशः 27% एवं 13% की वार्षिक वृद्धि देखी गई है, जो क्रमशः 1.95 करोड़ और 1.11 करोड़ तक पहुँच गई हैं।
- क्रेडिट कार्ड उपयोगकर्ता की संख्या वर्ष दर वर्ष 50% की वृद्धि के साथ 2.65 लाख हो गई है, जबकि पॉइंट ऑफ सेल (पीओएस) टर्मिनलों की कुल संख्या वर्ष दर वर्ष 56% की वृद्धि के साथ 20,904 लाख हो गई है।

## पुरस्कार एवं प्रशस्तियां:

- बैंक को तमिलनाडु महिला विकास कॉर्पोरेशन लिमिटेड से वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 के लिए तमिलनाडु में एसएचजी बैंक लिंकेज कार्यक्रम हेतु 'बेस्ट परफॉर्मिंग पब्लिक सेक्टर बैंक पुरस्कार' प्राप्त हुआ है।
- बैंक को वित्तीय सेवाएँ विभाग, वित्त मंत्रालय से वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान राजभाषा कार्यान्वयन में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 'प्रथम पुरस्कार' प्राप्त हुआ है।
- बैंक को गृह मंत्रालय से दिनांक 14.09.2024 को हिन्दी दिवस के अवसर पर राजभाषा कीर्ति पुरस्कार के तहत 'तृतीय पुरस्कार' प्राप्त हुआ है।
- इंडियन बैंक को कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा शुरु की गई कृषि अवसंरचना निधि के अंतर्गत बीईएसटी अभियान में टार्गेट एचीवर एवं एनओबीओएल अभियान में टार्गेट एचीवर के लिए 'तृतीय पुरस्कार' प्राप्त हुआ है।
- यूएस की "न्यूज़वीक" पत्रिका द्वारा बैंक को भारत में बैंकिंग क्षेत्र की सबसे भरोसेमंद कंपनी - 2024 में से एक के रूप में नामित किया गया है।
- इंडियन बैंक ने 110% उपलब्धि के साथ एपीवाई अभियान लक्ष्य को पार करते हुए, हाल के अभियान (5 जून 24 से 5 अक्तूबर 24 तक) में एपीवाई मेगा माइलस्टोन अवाड्र्स में गर्व के साथ प्रतिष्ठित "एक्सलेन्स माइलस्टोन" हासिल किया है।

## हमारा फोकस

हमारा लक्ष्य सशक्त कर्मचारियों की सूझबूझ और प्रौद्योगिकी के स्मार्ट उपयोग के माध्यम से ग्राहकों की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए मूल्यवर्धित और अनुकूलित समाधान प्रदान करना है। अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी और वैयक्तिकृत सेवा के संयोजन के माध्यम से, हमारा लक्ष्य बैंकिंग को सरल बनाना है, जिससे यह सभी के लिए अधिक सुलभ, सुविधाजनक और सुरक्षित बन सके।

बैंक ने ग्राहकों को सहज और सुविधाजनक बैंकिंग अनुभव प्रदान करने के लिए डिजिटल उत्पादों की श्रृंखला की शुरूआत की है। **इंडस्मार्ट** - ग्राहकों के लिए कई तरह की सुविधाओं से लैश नया ओमनी चैनल बैंकिंग एप्लीकेशन लॉन्च किया गया है। इस ऐप में अनेक विशेषताएं हैं, यथा- एकीकृत बिल भुगतान, संपर्क सूत्र को भुगतान, ई-शॉपिंग / एम-शॉपिंग, क्रॉस प्लेटफ़ॉर्म एक्सेसिबिलिटी, लक्ष्य प्लानर आदि जो हमारे सम्मानित ग्राहकों के लिए एक सहज और समृद्ध अनुभव प्रदान करते हैं। इसके अलावा, एक क्लिक में, कोई भी व्यक्ति कृषि आभूषण ऋण, शिशु मुद्रा, व्यक्तिगत ऋण के लिए आवेदन कर सकता है, एमएसएमई और केसीसी ऋण को नवीनीकृत कर सकता है, सावधि जमा और बचत खाता खोल सकता है। बैंक विभिन्न मॉडलों और उपयोग के मामलों को विकसित करने के लिए एआई और जेनएआई का लाभ उठा रहा है। कम लागत वाली जमाराशियों के संग्रहण के लिए, बैंक ने प्रतिष्ठित कॉर्पोरेट्स और सरकारी विभागों को अनुकूलित सेवा दिया जाना सुनिश्चित करने के लिए भारत के प्रमुख शहरों में लायबिलिटी वर्टिकल स्थापित किए हैं।

हमारा लक्ष्य एक विश्वसनीय भागीदार बनना है, जो प्रौद्योगिकी का उपयोग करके एक स्थान पर वित्तीय उत्पादों की पूरी श्रृंखला को उपलब्ध कराकर सकारात्मक परिवर्तन लाए और अपने ग्राहकों को निरंतर विकासशील वित्तीय परिदृश्य में सफल होने में सक्षम बनाए।